# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**तारांकित प्रश्न**

## 22 फरवरी 2024

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**मल शोधन संयंत्र का कार्य पूरा करना**

***21 डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) नगर परिषद, नारनौल द्वारा स्थापित मल शोधन संयंत्र (एस टी पी) का कार्य कब पूरा हुआ;

(ख) क्या इसका ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है तथा यह कब से कार्यात्मक नहीं है;

(ग) कुल समय अवधि कितनी है जिसके दौरान यह सफलतापूर्वक कार्यात्मक रहा;

(घ) मल शोधन संयंत्र की कुल लागत कितनी है तथा निष्पादन एजेंसी को कुल कितना भुगतान किया गया है; तथा

(ङ.) इसे कार्यात्मक बनाने के लिए विभाग की क्या योजना है तथा इसके कब तक कार्यात्मक बनाए जाने की संभावना है?

----

## अंडरपास का निर्माण करना

*22 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा शहर में गांव नारायणा की ओर जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नंदीशाला की वर्तमान स्थिति

*23 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) नगर निगम, पंचकूला के वार्ड -20 में गांव कोट की नंदीशाला में इसके उद्घाटन के समय रखे गये नंदियों की संख्या कितनी थी;

(ख) उक्त नंदीशाला की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके उद्घाटन के समय नंदीशाला में रखे गये नंदी अब कहां है तथा उक्त नंदीशाला में चारे की क्या व्यवस्थाएं की गई है; तथा

(ग) उपरोक्त नंदीशाला के जल्दबाजी में उद्घाटन के पीछे क्या कारण हैं जबकि वहां पर नंदियों को रखने के लिए उचित व्यवस्थाएं नहीं थी?

----

## कच्चे रास्ते को पक्का करना

*24 **श्री लीला राम (कैथल):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कैथल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गाँव छौत से गाँव गुहणा तक के कच्चे रास्ते को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य को कब तक स्वीकृति दिये जाने तथा आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा उक्त कार्य को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

----

## उपरी पुल तथा चारमार्गीय सड़क का निर्माण करना

*25 **श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) दादरी-रोहतक सड़क पर उपरी पुल का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) खैरडी मोड़ से रोहतक फाटक (दादरी) तक चारमार्गीय सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरंभ तथा पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्पेशल कम्पोनेंट प्लान बिल को लागू करना

*26 **श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा उनके विकास प्राधिकरणों के लिए हरियाणा राज्य स्पेशल कम्पोनेंट प्लान बिल को लागू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक लागू किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

----

## विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति

*27 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वर्ष 2022- 23 के दौरान फिरोजपुर झिरका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत मेरे द्वारा अनुशंसित विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या

है; तथा

(ख) उपरोक्त विकास कार्य के निष्पादन में देरी के कारण क्या हैं तथा इस विलम्ब के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई ?

----

## ऑडिटोरियम का निर्माण करना

***28 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जींद शहर के माँ जयंती देवी मंदिर के साथ लगती बागवानी विभाग की भूमि पर ऑडिटोरियम बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है ?

----

## विश्राम गृह का निर्माण करना

***29 श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ब्लॉक मतलौडा तथा ब्लॉक इसराना में कोई विश्राम गृह नहीं है; तथा

(ख) क्या ब्लॉक इसराना तथा ब्लॉक मतलौडा में एक विश्राम गृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त विश्राम गृह का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पशु मंडी की कुल संख्या

***30 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में पशु की बिक्री तथा खरीद के लिए पशु मंडियों की कुल संख्या कितनी है तथा उनका स्थान क्या है;
(ख) सिरसा जिले में फग्गू पशु मंडी को बंद करने के क्या कारण हैं; तथा
(ग) क्या वर्तमान में फग्गू पशु मंडी को किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## पुलिस चौंकी का दर्जा पुलिस स्टेशन के रूप में बढ़ाना

*31 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) रोडी तथा बड़ागुढा के पुलिस थाने को पुलिस जिला डबवाली से पुलिस जिला सिरसा में स्थानांतरित करने के कारण क्या हैं ;

(ख) क्या डबवाली में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज कोर्ट तथा कालांवाली में सब-डिवीज़नल कोर्ट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) क्या पुलिस चौंकी चौटाला का दर्जा पुलिस थाना चौटाला के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## पशु सर्जन तथा वी.एल.डी.ए. की संख्या

*32 **भव्य बिश्नोई ( आदमपुर):**

क्या पशुपालन तथा डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में पशु सर्जन तथा गांवों का अनुपात क्या है;

ख) राज्य के उन गांवों की संख्या कितनी है जिनमें पशु चिकित्सालयों में वी एल डी ए की प्रतिनियुक्ति की गई है; तथा

ग) राज्य के पशु अस्पतालों में दवाईयों की उपलब्धता में कमी के कारण क्या हैं ?

----

## एक नया एस.डी.एम. कार्यालय खोलना

*33 **श्री राजेश नागर (तिगांव):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या ग्रेटर फरीदाबाद में एक नया एस.डी.एम. कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव

सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त एस.डी.एम. कार्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढाना

*34 **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उपमंडल नागरिक अस्पताल का दर्जा 100 बैड वाले नागरिक अस्पताल के रूप में बढाने की मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार उप-मंडल, हथीन के 25 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

## सीवरेज पाइप लाइन का कार्य पूरा करना

*35 **श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा कोड संख्या 10212 के अंतर्गत सीवरेज पाइप लाइन को बिछाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त सीवरेज लाइन के निस्तारण तथा एस.टी.पी को स्थापित करने के पश्चात् इसके कब तक संचालित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नए बस अड्डे के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*36 **श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि पिपली (कुरुक्षेत्र) में नए बस अड्डे के भवन का निर्माण किया जाना था परन्तु इसका निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में बढ़ाना

*37 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव बनवासा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ख) क्या उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढाए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## बेसहारा पशुओं के लिए व्यवस्था करना

***38 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि नारायणगढ़ विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है जिसके कारण किसानों की फसलें खराब हो रही है तथा सड़कों पर आवागमन के दौरान लोगों के साथ दुर्घटनाएं हो रही है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए?

----

## पार्कों तथा व्यायामशालाओं का निर्माण करना

***39 श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गन्नौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों का ब्यौरा क्या है जिनमें सरकार द्वारा पार्क तथा व्यायामशालाएं बनाई गई हैं तथा उन गांवों का ब्यौरा क्या है जिनमें पार्क तथा व्यायामशालाएं बनाई जानी हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) गन्नौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों की कुल संख्या कितनी है, जिनमें सरकार द्वारा पुस्तकालय खोले गए हैं तथा गन्नौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष गांवों में पुस्तकालय कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुल का निर्माण करना

***40 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर विधानसमा निर्वाचन क्षेत्र के दो गांव अर्थात् टापू माजरी तथा घोड़ों पिपली, जो यमुना नदी के दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की तरफ स्थित है तथा पुल के अभाव के कारण गांववासियों को प्रशासनिक कार्यों के लिए बहुत लम्बी दूरी

की यात्रा करनी पड़ती है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त गांवों को गांव भोगपुर से जोड़ने के लिए यमुना नदी पर एक पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 22 फ़रवरी, 2024.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**